भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

Azadi Ka Amrit Mahotsav

G20 भारत 2023 INDIA

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 31.05.2023

आरेडिका का मई माह में सर्वाधिक कोच उतपादन

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली ने चालू वित्त वर्ष 2023–24 के मई माह में 157 कोचों का निर्माण किया जो अभी तक के आरेडिका में किए गये मई माह के कोच का अधिकतम उत्पादन है, इससे पूर्व 2019 में मई माह का सर्वाधिक कोच का उत्पादन 134 कोच हुआ था।

इन 157 कोचों में रेलवे के विभिन्न प्रकार कोच जैसे एसी इकोनॉमी के 63 कोच, दीनदयालु के 22 कोच, स्लीपर क्लास के 21 कोच, तेजस के 16 कोच, पेण्ट्रीकार 10, एसी3टीयर के 8 कोच, एसी2टीयर के 8 कोच, पार्सलबैन 6, एसी फस्ट के 3 कोच, शामिल हैं। इन कोचों में गुणवत्ता संबंधित सभी मानकों का पालन किया गया। जिससे यात्रियों की आरामदायक एवं सुरक्षित यात्रा हो सके।

आरेडिका को वित्त वर्ष 2023–24 के लिए 1813 कोच उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया जिसे टीम आरेडिका पूरा करने के लिए सतत् प्रयत्नशील है। एक माह में 157 कोच बनाना यह दर्शाता है कि आरेडिका अपनी कार्य क्षमता को उच्च स्तर पर ले जाने को तत्पर है।

आरेडिका के महाप्रबंधक श्री पी के मिश्रा ने इस उपलब्धि पर आरेडिका सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं संविदा कर्मियों को उनकी मेहनत एवं लग्न के लिए बधाई दी तथा भविष्य में इस प्रकार के कीर्तिमान स्थापित करते हुए आरेडिका को नित नई–नई ऊँचाइयों पर पहुचाने के लिए प्रेरित किया।

31/5/2023

(आर.एन.तिवारी)
मुख्य जन संपर्क अधिकारी